राज्य स्तरीय बैकर्स समिति (उ. प्र.) की दिनांक 06.06.2014 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त

राज्य स्तरीय बैकर्स समिति (उ. प्र.) की मार्च 2014 त्रैमास की समीक्षा बैठक दिनांक 06.06.2014 को "महाराजा सयाजीराव गायकवाड सभागार", बड़ौदा हाउस, गोमती नगर, लखनऊ में सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता श्री एस. एस. मूंदड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा, मुम्बई द्वारा की गयी।

बैठक में श्री आर. एम. श्रीवास्तव, आई.ए.एस, प्रमुख सचिव (संस्थागत वित्त); श्री वी.सी श्रीवास्तव, आई.ए.एस, प्रबन्ध निदेशक, समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश; श्री मनीष गुप्ता, निदेशक (सीपी एवं एमएफ), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार; श्रीमती शिखी शर्मा, महाप्रबन्धक, भारतीय रिज़र्व बैंक; श्री के के गुप्ता, मुख्य महाप्रबन्धक, नाबार्ड व श्री राकेश कृष्णा, अपर निदेशक, संस्थागत वित्त निदेशालय, उत्तर प्रदेश शासन विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही विभिन्न बैंको/वित्तीय संस्थाओ के वरिष्ठ कार्यपालकों तथा राज्य व केन्द्र सरकार के उच्चाधिकारियों ने भी इस बैठक मे सहभागिता की। भाग लेने वाले अधिकारियों की सूची संलग्न है।

बैठक के प्रारम्भ में श्री निर्मेष कुमार, महाप्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं संयोजक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.) ने श्री एस. एस. मूंदड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा; श्री वी.सी श्रीवास्तव, आई.ए.एस, प्रबन्ध निदेशक, समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश; श्री मनीष गुप्ता, निदेशक (सीपी एवं एमएफ), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार; श्रीमती शिखी शर्मा, महाप्रबन्धक, भारतीय रिज़र्व बैंक; श्री के के गुप्ता, मुख्य महाप्रबन्धक, नाबार्ड व श्री राकेश कृष्णा, अपर निदेशक, संस्थागत वित्त निदेशालय, उत्तर प्रदेश शासन व बैठक में पधारे अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुये निम्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डाला :-

1. प्रदेश में शाखा विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत -3000- नयी शाखाओं की स्थापना मद में बैंकों द्वारा 15 मई 2014 तक लगभग 69% उपलब्धि हासिल की गयी है तथा शेष कार्य 30.06.2014 तक पूरा करने हेतु बैंक प्रयासरत हैं। यह शाखा विस्तार स्थानीय आवश्यकताओं व व्यवसायिक दृष्टिकोण को केन्द्रित करते हुए किया गया है। वित्तीय समावेशन कार्यक्रम के अंतर्गत शाखा विस्तार एक अनवरत प्रक्रिया है। प्रदेश में हमारी इस उपलब्धि को सराहा भी गया है।

2. वित्तीय समावेशन कार्यक्रम के अंतर्गत -2000- से कम आबादी वाले -76855- गांवों में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार हेतु तैयार रोडमैप को भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशानुसार Disaggregation Plan के रूप में -3- वर्षों में विभाजित कर, मार्च 2016 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्ष 2013-14 के दौरान कुल आवंटित लक्ष्य -30515- के सापेक्ष -14782- गांवों में बैंकिंग सेवाओं का विस्तार 49% उपलब्धि ही दर्शाता है। निरंतर अनुश्रवण के बावजूद जो बैंक लक्ष्य पूर्ति नहीं कर सके हैं, उनसे इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में सहभागिता अपेक्षित है ताकि वर्ष 2014-15 व 2015-16 के सभी लक्ष्यों की पूर्ति सम्भव हो सके।

3. वार्षिक ऋण योजना 2013-14 के अंतर्गत प्रदेश मे आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष 88.52% उपलब्धि हासिल की गयी है। आज यहां वार्षिक ऋण योजना 2014-15 का विमोचन प्रस्तावित है जिसमें बैंकवार/जनपदवार/गतिविधिवार लक्ष्यों की विस्तृत सूचना को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी संशोधित प्रारूप के अनुरूप संकलित कर प्रस्तुत किया जा रहा है। नोडल विभागों व बैंकर्स से अनुरोध है कि त्रैमासिक आधार पर इन लक्ष्यों की पूर्ति हेतु संयुक्त प्रयास करें ताकि शत् प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किये जायें। जनपद स्तर पर भी DCC & DLRC बैठकों में वार्षिक ऋण योजना की समीक्षा इन्हीं प्रारूप के अनुसार की जाये, तभी यह सूचना प्रणाली प्रभावी रूप से लागू हो सकेगी।

4. प्रदेश के चयनित -12- जनपदों में ऋण जमा अनुपात में मार्च 2013 के स्तर से मार्च 2014 तक 3% प्वाइंट की वृद्धि के मद में -11- जनपद 0.79% से 11.06% तक वृद्धि दर्ज किये है। फिर भी प्रदेश का ऋण जमा अनुपात दिसम्बर 2013 के स्तर से 0.90% कम हुआ है जिसका कारण कुछ बैंको के ऋण व जमा अनुपात में हुई व्यापक कमी रही है। बैंको द्वारा राष्ट्रीय मानक के अनुसार लक्ष्य पूर्ति हेतु समग्र प्रयास आवश्यक है।

5. बुनकर समुदाय हेतु भारत सरकार की विशेष पैकेज योजनान्तर्गत बैंको द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 हेतु 25,000 बुनकर क्रेडिट कार्ड जारी करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसकी पूर्ति हेतु सभी स्तर पर प्रभावी कार्यवाही आवश्यक है ताकि सभी पात्र बुनकरों को इस महत्वपूर्ण योजना का फायदा मिल सके ।

6. विगत बैठक दिनांक 21.02.2014 के उपरान्त प्रदेश में कुछ महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गयी है जिनका उद्देश्य विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन को गति प्रदान करना रहा। संयोजक बैंक द्वारा बी.जी.आर.ई.आई. की विशेष एस.एल.बी.सी. बैठक का आयोजन दिनांक 21.03.2014 को किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय समावेशन कार्यक्रम, शाखा विस्तार कार्यक्रम, लीड बैंक स्कीम आदि पर दिनांक 28.04.2014 को बैंक नियंत्रकों के साथ एवं 06.05.2014 को बैंक नियंत्रकों व अग्रणी जिला प्रबन्धकों के साथ उच्च स्तरीय बैठके आयोजित की गयी। साथ ही प्रदेश में गठित एस.एल.बी.सी. की -5- सब-कमेटीज द्वारा भी नियमित बैठकें की गयी हैं।

अपने सम्बोधन के अन्त में श्री निर्मेष कुमार, महाप्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं संयोजक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.) ने सभी सम्बन्धित विभाग प्रमुखो, बैंको व अन्य कार्यदायी संस्थाओं से आग्रह किया कि वे प्रदेश के विकास हेतु किये जा रहे कार्यो व उपलब्धियो से सम्बन्धित सुसंगत आकड़ो का ससमय प्रेषण सुनिश्चित करें ताकि प्रदेश की उपलब्धियो को और प्रभावी रुप से प्रस्तुत किया जा सके।

अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में श्री एस. एस. मूंदड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने निम्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला :-

- विगत 29 मार्च 2013 को प्रदेश में बैंक शाखा विस्तार की जो ऐतिहासिक शुरुआत की गयी थी उसके नतीजे हमारे सामने हैं तथा इस ऐतिहासिक घटना को Limca Book of Records में National Record की हैसियत से स्थान मिला है। इस उपलब्धि हेतु यहाँ सदन में उपस्थित सभी अतिथि साधुवाद व बधाई के पात्र हैं। निश्चय ही यह कार्य प्रदेश शासन, केन्द्र सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, नाबार्ड एवं विभिन्न बैंकों के मध्य परस्पर सामंजस्य एवं प्रगाढ सम्बन्धों की मिसाल है।

- National Council of Applied Economic Research (NCAER) से प्राप्त आकड़ों व अनुमान के अनुसार कृषि क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2013-14 में 4.6% की वृद्धि दर्ज की गयी है तथा चालू वित्तीय वर्ष के दौरान यह वृद्धि मुख्यतः मानसून की दशा पर आधारित रहेगी। वर्ष 2013-14 में Index of Industrial Production (IIP) कम हुआ है जिसका कारण Corporate & Infrastructure Development Investments में दर्ज गिरावट है। इसी अवधि के दौरान Exports में 4% की वृद्धि हासिल की गयी है जो विगत वर्ष के मुकाबले काफी बेहतर है।

वर्ष 2014-15 हेतु GDP Growth Rate 5.1 – 5.5% रहने की संभावना व्यक्त की गयी है। साथ ही Wholesale Price Index (WPI) आधारित Inflation Rate 6.1% एवं Fiscal Deficit 4.5% of GDP रहने की संभावना व्यक्त की गयी है।

यह संभावनायें एवं अनुमान हमें इस वित्तीय वर्ष हेतु अपनी रणनीति एवं कार्ययोजना को सही ढंग से क्रियांवयित करने हेतु इंगित करते है।

- गत 15.01.2013 को माननीय गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक की अध्यक्षता में आयोजित विशेष राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार प्रदेश में विभिन्न बैंकों द्वारा 01.01.2013 से 31.03.2014 तक कुल -2003- शाखायें खोली गयी हैं तथा 15.05.2014 तक यह संख्या बढकर -2103- हो गयी है। प्रदेश सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के अनुरूप बैंकों द्वारा अवशेष सभी चयनित केन्द्रों पर शाखा विस्तार में तेजी लाये जाने की आवश्यकता है ताकि नियत तिथि 30.06.2014 तक यह कार्य सम्पन्न हो सके।

  साथ ही भारत सरकार द्वारा सभी शाखाओं में ए.टी.एम. स्थापित करने के स्थायी निर्देशों का भी पालन बैंकों द्वारा किया जाना चाहिये जो बैंकों की व्यवसाय वृद्धि में सहायक सिद्ध होगा तथा Alternate Delivery Channels (ADC) के माध्यम से बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करने में भी सहायता प्रद्रान करेगा।

- प्रदेश में बैंको द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अन्तर्गत प्रदान ऋण तथा कृषि एवं कमजोर वर्गों को प्रदत्त ऋण का प्रतिशत क्रमशः 55.37, 26.15 एवं 21.25 है जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित मानकों क्रमशः 40%, 18% एवं 10% के सापेक्ष काफी उच्च स्तर पर है। इस क्रम को नियमित रुप से बनाये रखने व वृद्धि हेतु प्रयास जारी रखे जाये।

- भारतीय रिजर्व बैंक एवं भारत सरकार द्वारा वित्तीय समावेशन कार्यक्रम के क्रियांवयन की सघन समीक्षा की जा रही है। अतः वित्तीय समावेशन को एक व्यापार का अवसर मानकर इसमें अपना पूर्ण योगदान प्रदान करें। समय की जरुरत है कि उपलब्ध तकनीक का उपयोग करते हुये अधिक से अधिक संख्या में धनराशि का लेन देन किया जाये। सभी स्टेक होल्डर्स से आग्रह है कि समय बद्ध तरीके से इस कार्य को आगे बढ़ाया जाये ताकि इसका वास्तविक लाभ बैंक के अंतिम लाभ्यार्थियों को प्राप्त हो सके।

- बैंको द्वारा वर्ष 2013-14 में कुल वार्षिक लक्ष्य ₹ 96822.78 करोड़ के सापेक्ष ₹ 85710.51 करोड़ का ऋण वितरण किया गया है जो लक्ष्यों का 89% उपलब्धि दर्शाता है। आज वार्षिक ऋण योजना 2014-15 का विमोचन प्रस्तावित है जिसका आकार कुल ₹114931.33 करोड़ है। यह योजना नाबार्ड द्वारा तैयार Potential Linked Plan (₹121618.32 करोड़) का लगभग 95% है तथा वर्ष 2013-14 की वार्षिक ऋण योजना से लगभग 19% वृद्धि दर्शाता है। इस योजना की शत प्रतिशत पूर्ति हेतु सभी स्तर पर कार्यरत प्रत्येक यूनिट को अपना योगदान करना होगा।

- बैंको द्वारा वर्ष 2013-14 में लगभग 31.20 लाख मामलों में नवीनीकरण तथा 15.88 लाख मामलों में नये किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने की प्रक्रिया की गयी है जो प्रदेश में तैयार विशेष अभियान के अन्तर्गत की जा रही है। सभी स्टेक होल्डर्स इस कार्य हेतु बधाई के पात्र है। व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना तथा राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना के अंतर्गत सभी ऋणी किसानो का कवरेज अनिवार्य है अतः आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जानी चाहिये।

- प्रदेश में कम ऋण जमा अनुपात सभी स्तर पर चिंता का विषय है। मार्च 2014 में वाणिज्यिक बैंको व क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कुल ऋण जमा अनुपात 52.62% रहा जो माह मार्च 2013 से 3.52% व दिसम्बर 2013 से 0.90% की कमी दर्शाता है। बैंको द्वारा इस ऋण जमा अनुपात को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाने हेतु मैं अपना अनुरोध दोहराना चाहूँगा।

अभी भी प्रदेश के -75- में से 16 जनपदों में ऋण जमा अनुपात 40% से कम है। एक पहल के रूप में प्रदेश में यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के संयोजन में उप समिति का गठन किया गया है तथा कृषि उत्पादन आयुक्त, उ.प्र. शासन ने 11 जनपदों के जिला मजिस्ट्रेटों को ऋण जमा अनुपात में सुधार लाने हेतु व्यापक निर्देश दिये हैं जो निश्चय ही एक सराहनीय प्रयास है।

दिनांक 15.01.2013 को माननीय गवर्नर, भारतीय रिजर्व बैंक की अध्यक्षता में लिये गये निर्णय के अनुसार चयनित -12- जनपदों में मार्च 2014 तक मार्च 2013 के स्तर पर ऋण जमा अनुपात को 3% बढ़ाने हेतु निर्णय लिया गया था। यहाँ उल्लेख करना समीचीन होगा कि चयनित -12- में से-6- जनपदों ने दी गयी अवधि में वांछित 3% से अधिक की वृद्धि दर्ज की है तथा -5- जनपदों ने 0.79% से लेकर 2.91% तक की वृद्धि दर्ज की है।

- विभिन्न सरकार प्रायोजित योजनाओं के अन्तर्गत मार्च 2014 तक कुछ योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त नहीं हो सके। नये वितीय वर्ष 2014-15 हेतु विभिन्न सरकार प्रायोजित योजनाओं के लक्ष्य प्राप्त हुये है तथा प्रदेश में कार्यरत बैंको व नोडल ऐजेन्सियों का प्रयास होना चाहिये कि सभी आवंटित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाये ताकि इन योजनाओं का लाभ टारगेट ग्रुप को प्राप्त हो सके।

- प्रदेश में चयनित -21- अल्पसंख्यक बाहुल्य जनपदों में प्राथमिकता प्राप्त ऋण के सापेक्ष अल्पसंख्यक समुदाय को क्रमशः 30.49% व 20.92% (खाता संख्या व बकाया धनराशि) ऋण उपलब्ध कराया गया है। साथ ही पूरे प्रदेश में इन समुदायों को प्रदत्त ऋण का प्रतिशत क्रमशः 21.52% एवं 17.49% (खाता संख्या व बकाया धनराशि) है।

- प्रदेश में बैंको की ऋण वसूली में गिरावट चिंता का विषय है क्योकि इसके कारण बैंक धनराशि की रीसाइकिलिंग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

- उन्होंने कुछ अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं यथा प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत लम्बित सभी मार्जिन मनी खातों में कार्यवाही, बुनकरों हेतु भारत सरकार की विशेष राहत योजना का क्रियान्वयन जिसके अन्तर्गत बुनकर क्रेडिट कार्ड के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति एवं जनपद स्तर पर आयोजित किये जा रहे विशेष कैम्पस का सफल आयोजन, प्रदेश के -28- पूर्वी जनपदो हेतु भारत सरकार द्वारा घोषित बी.जी.आर.ई.आई. योजना का प्रभावी क्रियांवयन, शिक्षा ऋण योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा आवंटित लक्ष्यो की शत प्रतिशत पूर्ति पर सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए इन सभी कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

श्री आर.एम. श्रीवास्तव, आई.ए.एस, प्रमुख सचिव (संस्थागत वित), उ. प्र. शासन ने सदन को सम्बोधित करते हुए सभी बैंको द्वारा प्रदेश में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों में समुचित प्रयास करने का आग्रह किया। उन्होंने निम्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डाला:

- भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशानुसार बैंकों ने Core Banking Solutions को लागू किया तथा इस सी.बी.एस. प्रणाली का फायदा सामान्य जनता को पहुँच रहा है जो एक वरदान के रूप में साबित हुआ है। इसमें और अधिक विस्तार की आवश्यकता है।

- -3000- नई बैंक शाखाओं की स्थापना की प्रगति दर्शाती है कि 31.05.2014 तक -2136- शाखाएं बैंकों द्वारा खोली गयी हैं। यद्यपि बैंकों द्वारा किया गया कार्य सराहनीय है फिर भी असीम सम्भावनाएं व्याप्त हैं। आंकड़ों के विश्लेषण से अनेक बातें सामने आई हैं जैसे कि अचयनित स्थान पर शाखा की स्थापना, अचयनित जनपदों में शाखा- विस्तार तथा शाखाओं का ऐसे स्थानों पर विस्तार जहाँ का लक्ष्य शून्य

था इत्यादि। अतः आवश्यकता इस बात की है कि बैंक्स इस दिशा में निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यवाही करते हुए शाखा-विस्तार कार्यक्रम को पूर्ण करें।

उन्होंने बैंकर्स को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रदेश में सभी के आपसी सहयोग से हमारा प्रदेश प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर रहेगा।

श्री मनीष गुप्ता, निदेशक (सीपी एवं एमएफ), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार जो इस बैठक में पहली बार पधारे थे, ने अपने सम्बोधन में निम्न बातों पर प्रकाश डाला:-

- शाखा-विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत यद्यपि प्रदेश में सराहनीय प्रगति दर्ज की गयी है तथापि निर्धारित मानकों के अनुरूप ही शाखाओं की स्थापना सुनिश्चित की जानी चाहिये।

- वित्तीय समावेशन कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार की प्राथमिकता सब-सर्विस एरिया अवधारणा के अनुसार गांवों की आबादी हेतु बैंकिंग सेवाओं का विस्तार है तथा बैंकों द्वारा इस दिशा में प्रयास तेज किये जाने चाहिये ताकि इस कार्यक्रम का क्रियांवयन प्रभावी रूप से किया जा सके।

- शिक्षा ऋण योजना के अंतर्गत मार्च 2009 से पहले के ऐसे खाते जिनमें मार्जिन मनी क्लेम बैंकों द्वारा दर्ज किया जाना अवशेष है, में यह प्रक्रिया 30.06.2014 तक अवश्य पूरी कर ली जाए क्योंकि तदोपरांत इन क्लेम्स का निस्तारण किया जाना सम्भव नहीं होगा।

- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा इस योजनांतर्गत विस्तृत दिशानिर्देश जारी किये गये हैं जिनका क्रियांवयन बैंकों द्वारा सुनिश्चित किया जाना चाहिये। साथ ही योजनांतर्गत -150- चयनित जनपदों में Interest Subvention के दिशानिर्देश भी निर्गत किये गये हैं जिनका समयबद्ध सीमा के अनुसार अनुपालन बैंकों द्वारा सुनिश्चित किया जाना चाहिये।
- सरफेसी ऐक्ट 2002 के प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक कार्यवाही करते हुए बैंकों की ऋण-वसूली की स्थिति में व्यापक सुधार की दृष्टि से भारत सरकार द्वारा कुछ निर्देश पुनः राज्य सरकारों को निर्गत किये जा रहे हैं।

- आरसेटी संस्थानों की कार्यप्रणाली का ज़िक्र करते हुए उन्होंने अवगत कराया कि वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बैंकों के अध्यक्ष व प्रबन्ध निदेशकों के साथ सम्पन्न बैठक में विस्तृत चर्चा की गयी तथा बैंक अधिकारियों द्वारा यह विश्वास दिलाया गया है कि सी एवं डी. श्रेणी में चल रही आरसेटी संसथानों की स्थिति में सुधार करते हुए बैंक इन्हें क्रमशः ए. व बी. श्रेणी में जून 2014 तक लायेंगे। अतः प्रदेश में बैंकों द्वारा अपने सी. व डी. श्रेणी आरसेटी संस्थानों में सुधार किया जाना चाहिये।

- डी.बी.टी.एल. पर चर्चा करते हुए श्री मनीष गुप्ता ने अवगत कराया कि इस प्रणाली की समीक्षा हेतु एक समिति गठित की गयी थी जिसने अपनी रिपोर्ट में इस प्रणाली को जारी रखने की सिफारिश की है तथा तत्सम्बन्धी निर्देश भारत सरकार द्वारा निकट भविष्य में जारी किये जायेंगे।

- प्रदेश में ऋण-जमानुपात की स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि वे सभी बैंक जिनका ऋण-जमानुपात प्रदेश के औसत से कम रहा है, अपनी स्थिति में सुधार करें ताकि कुल मिलाकर प्रदेश की अच्छी स्थिति परिलक्षित हो सके।

अपने सम्बोधन के अंत में श्री मनीष गुप्ता, निदेशक (सीपी एवं एमएफ), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने आशा व्यक्त की कि प्रदेश में कार्यरत बैंक्स नये वित्तीय वर्ष में निर्धारित विभिन्न लक्ष्यों की शत् प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करेंगे।

श्रीमती शिखी शर्मा, महाप्रबन्धक, भारतीय रिजर्व बैंक, लखनऊ ने अपने संबोधन में निम्न बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुये आवश्यक कार्यवाही हेतु अनुरोध किया :-

- प्रदेश में विद्यमान कोआपरेटिव एवं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की सुदृढ वितीय स्थिति न होने के कारण अधिकांश जिम्मेदारियाँ राष्ट्रीयकृत बैंकों के माध्यम से पूरी की जाती हैं। अतः इसमें वांछित सुधार की आवश्यकता महसूस की जा रही है। साथ ही साथ सामाजिक उत्थान के एजेण्डा में कोआपरेटिव बैंकों व क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की महती भागीदारी आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि सुदृढ वितीय स्थिति होने पर ही इन बैंकों को बड़ी जिम्मेदारियाँ दी जा सकती हैं।

- प्रदेश में व्याप्त कम ऋण-जमानुपात के संदर्भ में महाप्रबन्धक महोदया ने सुझाव दिया कि बैंकर्स इस कार्य हेतु बड़े कॉरपोरेट खातों तथा अन्य व्यवसाय खातों के अंतर्गत एक संतुलन स्थापित कर कार्यवाही कर सकते हैं।

- प्रदेश में शाखा-विस्तार कार्यक्रम के परिपेक्ष्य में उन्होंने अवगत कराया कि आगामी 10.06.2014 को वाराणासी में एक उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया जा रहा है जिसमें Wimax कनेक्टिविटी से सम्बन्धित बिन्दुओं पर विस्तृत समीक्षा प्रस्तावित है। उन्होंने बैंको के एफ.आई. सर्वर एवं सी.बी.एस. सर्वर का इंटीग्रेशन किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया क्योंकि इसके बिना वितीय समावेशन की सफलता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने इस दिशा में बैंकों द्वारा समयबद्ध कार्यवाही करने का अनुरोध किया।

श्री के. के. गुप्ता, मुख्य महाप्रबन्धक, नाबार्ड ने अपने सम्बोधन में निम्न बिन्दुओं पर सदन का ध्यान आकृष्ट किया :-

- आज लगभग ₹ 115.00 लाख करोड़ की वार्षिक ऋण योजना 2014-15 का विमोचन किया गया है। प्रदेश में कार्यरत बैंकों द्वारा इन वार्षिक लक्ष्यों की पूर्ति हेतु एक सघन कार्य योजना तैयार करनी चाहिये ताकि लक्ष्य पूर्ति सम्भव हो सके।

- प्रदेश में कम CD Ratio चिंता का विषय है और यह आवश्यक है कि इसमें सुधार लाने हेतु अगले -5- वर्षों की कार्ययोजना तैयार कर क्रियांवयन किया जाये जिससे कि क्रमिक आधार पर वांछित नतीजे प्राप्त किये जा सकें।

- हमारे प्रदेश में कोआपरेटिव सेक्टर की स्थिति सुदृढ न हो सकने के कारण इसका असर कमर्शियल बैंक एवं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों पर परिलक्षित हो रहा है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा इस विषय में प्रभावी कार्यवाही करने का अनुरोध किया।

- प्रदेश में रोज़गार सृजन एवं युवा वर्ग हेतु उद्यमिता विकास के दृष्टिकोण से यह आवश्यक है कि प्रदेश सरकार द्वारा इसका आंकलन करते हुए आंकड़ों की उपलब्धता वेबसाइट के माध्यम से प्रदर्शित की जाए ताकि आम जनता को इसकी जानकारी एवं लाभ प्राप्त हो सके।
- कृषि क्षेत्र के व्यापक विस्तार हेतु यह आवश्यक है कि राज्य सरकार द्वारा क्रियांवयित विभिन्न योजनाओं एवं उनके अंतर्गत प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं व आकर्षण की जानकारी शासन स्तर से आम जनता को मिल सके व वे लाभांवित हो सके।

- श्री गुप्ता ने वित्तीय साक्षरता हेतु सघन अभियान चलाये जाने की ओर भी इंगित किया। अपने सम्बोधन के अंत में मुख्य महाप्रबन्धक ने राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठकों में विभिन्न विभागों व बैंक स्तर से उच्चतम स्तर की सहभागिता पर बल दिया ताकि विभिन्न मुद्दों पर नीतिगत निर्णयों हेतु तुरंत कार्यवाही सम्भव हो सके। उन्होंने संस्थागत वित निदेशालय से इस सम्बन्ध में अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु अनुरोध प्रेषित किया।

गणमान्य अतिथियों के सम्बोधन के उपरान्त पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा हेतु स्थिति प्रस्तुत की गयी।

कार्यसूची संख्या 1:-राज्य स्तरीय बैकर्स समिति की दिनांक 21.02.2014 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि

विगत बैठक दिनांक 21.02.2014 के कार्यबिन्दु एवं कार्यवृत जो सभी सदस्यों को दिनांक 22.03.2014 को प्रेषित किया गया था, की सदन द्वारा पुष्टि की गयी।

कार्यसूची संख्या 2:-राज्य स्तरीय बैकर्स समिति की दिनांक 21.02.2014 को आयोजित बैठक की कार्यवाही रिपोर्ट

(I) **प्रदेश के सभी जनपदो में बैको द्वारा आरसेटी संस्थानों की स्थापना हेतु राज्य सरकार द्वारा न्यूनतम 1 एकड़ भूमि का नि:शुल्क आवंटन**

सदन को अवगत कराया गया कि अभी तक प्रदेश सरकार द्वारा कुल -65- जनपदों में नि:शुल्क भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण की गयी है। शासन द्वारा अवगत कराया गया कि -10- अन्य जनपदों में भूमि आवंटन प्रक्रिया शीघ्र प्रारम्भ की जायेगी। प्रमुख सचिव, संस्थागत वित, श्री आर. एम. श्रीवास्तव ने इस प्रक्रिया को अविलम्ब पूर्ण करने हेतु ग्राम्य विकास विभाग को निर्देशित किया।

(II) **राज्य के शेष सभी जनपदो मे आरसेटी की स्थापना**

पंजाब नैशनल बैंक एवं सिंडिकेट बैंक से अनुरोध किया गया कि वे अपने अग्रणी जनपदों यथा बदायूँ, झाँसी तथा शामली एवं सम्भल तथा हापुड क्रमश:, में शीघ्र ही आरसेटी की स्थापना करें। महाप्रबन्धक एवं संयोजक, एस.एल.बी.सी. (उ.प्र.) श्री निर्मेष कुमार ने कहा कि पंजाब नैशनल बैंक की अध्यक्षता में स्थापित आरसेटी की सब-कमेटी द्वारा विभिन्न संस्थानों हेतु भूमि आवंटन, निर्माण कार्य व दर्ज प्रगति की विस्तृत समीक्षा अपेक्षित है। त्रैमासिक प्रगति भविष्य में सदन के अवलोकनार्थ प्रस्तुत करने का अनुरोध किया।

(III) **मार्च 2014 तक प्रदेश में -3000- नयी बैंक शाखाओ की स्थापना एवं ऋण जमा अनुपात में मार्च 2013 के स्तर पर 3 प्रतिशत प्वाइंटस की वृद्धि**

इन दोनो ही मानको में बैंकवार अद्यतन स्थिति सदन के समक्ष प्रस्तुत की गयी जिसके अनुसार 01.01.2013 से 15.05.2014 तक कुल -2103- नयी बैंक शाखाओं की स्थापना की गयी है। -10- चयनित जनपदों में ऋण जमा अनुपात में दर्ज की जा रही वृद्धि का उल्लेख करते हुये अवगत कराया गया कि एक जनपद (बुलन्दशहर) को छोड़कर अन्य -11- जनपदों में इस मानक के अंतर्गत -0.79- प्रतिशत से -11.06- प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। इनमें से -6- जनपद ऐसे हैं जहाँ -3%- प्वाइंट के मानक की उपलब्धि सम्भव हो सकी है।

(IV) <u>राज्य के चयनित जनपदो में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डी.बी.टी.) एवं डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर-एल.पी.जी (डी.बी.टी.एल.) स्कीम का क्रियान्वयन</u>

सदन को अवगत कराया गया कि डी.बी.टी. योजना के अन्तर्गत द्वितीय चरण में भारत सरकार द्वारा चयनित -78- जनपदो में हमारे राज्य के -6- जनपद शामिल है। बैंको द्वारा विभिन्न मानकों में सराहनीय प्रगति दर्ज की गयी है। केवल आधार सीडिंग कार्य में गति लाने की आवश्यकता है जिसके लिए सम्बन्धित यू.आई.डी.ए.आई. के स्तर पर तेजी लाना अपेक्षित है।

डी.बी.टी.एल. योजना के अंतर्गत -3- जनपद यथा कानपुर नगर (बैंक ऑफ बड़ौदा), लखनऊ (बैंक ऑफ इण्डिया) एवं इटावा (सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया) चयनित है जहाँ योजना का क्रियांवयन 01.01.2014 से प्रारम्भ किया गया है जिसकी गहन समीक्षा भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा नियमित रुप से की जा रही है। ततक्रम में प्रमुख सचिव (खाद्य एवं रसद), उ.प्र. शासन एवं आयुक्त (खाद्य एवं रसद), उ.प्र. शासन द्वारा दिनांक 10.01.2014 व 27.01.2014 एवं 05.02.2014 क्रमशः समीक्षा बैठके आयोजित की गयी है। प्रदेश सरकार द्वारा इन जनपदों मे योजनांतर्गत सघन समीक्षा हेतु राज्य स्तर पर "**Oversight Committee**" एवं जनपद स्तर पर "**Implementation Committee**" का गठन किया गया है।

(V) <u>एस.एल.बी.सी. की विभिन्न उप समितियों द्वारा प्रगति की समयिक रिपोर्टिंग</u>

सदन को अवगत कराया गया कि एस.एल.बी.सी. की विभिन्न उप समितियां नियमित रुप से समीक्षा बैठकें आयोजित कर रही है जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

1. वित्तीय समावेशन कार्यक्रम की उप समिति (संयोजक – भारतीय स्टेट बैंक) की बैठक दिनांक 02.06.2014 को आयोजित की गयी।
2. एन.आर.एल.एम. एवं एस.एच.जी. की उप समिति (संयोजक – बैंक ऑफ़ बड़ौदा) की बैठक जो दिनांक 19.05.2014 को आयोजित की गयी।
3. आरसेटी की उप समिति (संयोजक – पंजाब नैशनल बैंक) की बैठक दिनांक 20.05.2014 को आयोजित की गयी।
4. कृषि क्षेत्र हेतु गठित उप समिति (संयोजक – यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया) की बैठक का आयोजन 30.05.2014 को किया गया।

इन उपसमितियों की बैठक की रिपोर्ट व ऐक्शन प्वाइंट्स सदन के समक्ष प्रस्तुत किये गये।

(VI) <u>-2000- से कम आबादी वाले सभी -76855- गांवों में मार्च 2016 तक चरणबद्ध तरीके से वित्तीय समावेशन कार्यक्रम लागू किया जाना</u>

सदन को अवगत कराया गया कि बैंकों द्वारा अपने बोर्ड अनुमोदित प्लान 2013-14, 2014-15 एवं 2015-16 भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत किये गये हैं। वर्ष 2013-14 हेतु तैयार प्लान के अनुसार -30515- गांवों को कवर करने के लक्ष्य के सापेक्ष -14782- गांवों को कवर किया गया है जो आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष 49% वृद्धि दर्शाता है।

श्री निर्मेष कुमार, महाप्रबन्धक एवं संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, उ0 प्र0 ने चर्चा के दौरान कहा कि चालू वित्तीय वर्ष हेतु आवंटित लक्ष्यों की पूर्ति के साथ-साथ हमें गत् वर्ष (2013-14) के अवशेष लक्ष्यों की पूर्ति भी सुनिश्चित करनी होगी जो निश्चय ही एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। उन्होंने अवगत कराया कि भारतीय रिज़र्व बैंक, केन्द्रीय कार्यालय एवं भारत सरकार द्वारा हमारे प्रदेश की शिथिल प्रगति पर चिंता व्यक्त की गयी है।

(VII) **बड़ौदा यू पी ग्रामीण बैंक को Recapitalization assistance प्रदान करना**

सदन को अवगत कराया गया कि संस्थागत वित्त निदेशालय, उ0 प्र0 से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस विषय पर उपयुक्त स्तर पर कार्यवाही की जा रही है।

(VIII) **बैंक शाखाओं की सूचना पुलिस विभाग को प्रदान कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना**

सदन को अवगत कराया गया कि बैंकों द्वारा इस सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी स्थानीय पुलिस अधिकारियों को उपलब्ध कराकर सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने हेतु अनुरोध किया जा रहा है।

कार्यसूची संख्या 3:- वित्तीय समावेशन प्लान के अन्तर्गत प्रगति

वित्तीय समावेशन कार्यक्रम के अंतर्गत 2000 से अधिक व 2000 से कम आबादी वाले सभी गावों में बैंकिग सेवाओ के विस्तार की विस्तृत स्थिति से सदन को अवगत कराया गया। 2000 से कम आबादी वाले चयनित -76855- गॉवों मे बैंकिंग सुविधाओ के विस्तार हेतु बैंको द्वारा बोर्ड एप्रूव्ड प्लान (वार्षिक आधार पर) तैयार कर भारतीय रिजर्व बैंक को प्रस्तुत किये जा चुके है। वर्ष 2013-14 हेतु निर्धारित लक्ष्य -30515- के सापेक्ष त्रैमास मार्च 2014 तक -14782- गॉवों में यह कार्य पूरा किया जा चुका है।

सदन को अवगत कराया गया कि क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक की अध्यक्षता में दिनांक 28.04.2014 को प्रदेश के सभी बैंक प्रमुखों एवं दिनांक 6 मई 2014 को सभी अग्रणी जिला प्रबन्धकों की एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसमें इस कार्यक्रम के अंतर्गत आवंटित लक्ष्यों की शत् प्रतिशत पूर्ति हेतु सतत् प्रयास करने हेतु निर्देशित किया गया।

डी.बी.टी. योजनान्तर्गत प्रदेश के चयनित -6- जनपदों यथा इटावा (सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया), चित्रकूट व श्रावस्ती (इलाहाबाद बैंक), संत कबीर नगर (स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया) एवं रायबरेली व अमेठी (बैंक ऑफ बडौदा) में निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत पूर्ण की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की जनपदवार समीक्षा की गयी।

विगत् 15.01.2013 को डॉ0 डी. सुब्बाराव, माननीय गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक, की अध्यक्षता में सम्पन्न विशेष एस.एल.बी.सी. बैठक के निर्णयानुसार प्रदेश में -3000- नई शाखाएं खोलने के कार्यक्रम के अंतर्गत हुई प्रगति की बैंकवार समीक्षा की गई, जिसके अनुसार 15.05.2014 तक -2103- शाखाएं खोली गयी हैं।

सभी बैंक के नियंत्रकों ने सदन को आश्वासन दिया कि वे अधिकाधिक शाखाएं खोलने हेतु प्रयासरत है। इस क्रम में कुछ बैंकों ने विद्युत आपूर्ति, कनेक्टिविटी तथा उचित परिसर न मिल पाने जैसी आ रही समस्याओं से अवगत कराया।

कार्यसूची संख्या 4:- हथकरघा क्षेत्र के लिये पुनरुद्धार, सुधार और पुनर्गठन पैकेज एवं बुनकर क्रेडिट कार्ड योजना का क्रियान्वयन

योजनांतर्गत अद्यतन प्रगति से सदन को अवगत कराया गया।

कार्यसूची संख्या 5:- वार्षिक ऋण योजना 2013-14 के अंतर्गत प्रगति समीक्षा

सदन को अवगत कराया गया कि वार्षिक ऋण योजना 2013-14 के अंतर्गत मार्च 2014 तक बैंको द्वारा दर्ज की गयी कुल प्रगति 88.52% रही है जो विगत वर्ष की समान अवधि की उपलब्धि (87.89%) की तुलना में

बैंक ऑफ बड़ौदा BANK OF BARODA राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति उ0 प्र0 अंचल कार्यालय ZONAL OFF. (E.UP ZONE) लखनऊ

अधिक है। सेक्टरवार कृषि, लघु उद्यम एवं सेवा क्षेत्र के अंतर्गत दर्ज प्रगति क्रमशः 80.71%, 146.58% व 72.99% रही है।

चर्चा के दौरान यह बात सामने आयी कि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक व सहकारी क्षेत्र के बैंकों की प्रगति में सुधार की आवश्यकता है ताकि उनके योगदान से प्रदेश का कुल उपलब्धि प्रतिशत बढ़ाया जा सके। इसी क्रम मे कुछ अन्य बैंक जिनकी प्रतिशत उपलब्धि, राज्य के कुल उपलब्धि प्रतिशत के सापेक्ष कम रही है, की भी समीक्षा की गयी तथा उनके द्वारा शत प्रतिशत उपलब्धियाँ हासिल करने हेतु निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश की वार्षिक ऋण योजना 2014-15 का भी विमोचन किया गया। सदन को अवगत कराया गया कि यह योजना विभिन्न अग्रणी बैंको से उनके अग्रणी जनपदों द्वारा तैयार एवं हमें प्रेषित सूचना के आधार पर समेंकित की गयी है तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा- निर्देशों व नाबार्ड द्वारा तैयार पी.एल.पी. पर आधारित है। इस योजना का आकार ₹1,14,931.33 करोड़ है तथा यह गत वर्ष हेतु तैयार योजना के सापेक्ष 19% अधिक हैं।

कार्यसूची संख्या 6:- <u>ऋण जमा अनुपात</u>

बैठक में ऋण जमा अनुपात की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की गयी जिसके अनुसार वाणिज्यिक बैंक + क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का मार्च'2014 तक का ऋण जमा अनुपात विगत वर्ष की आलोच्य अवधि के सापेक्ष क्रमशः 3.52% व ऋण : निवेश + जमा अनुपात 1.55% घटा है।

सदन को यह भी अवगत कराया गया कि गत् तिमाही के अंत में -18- जनपदों की संख्या घटकर अब -16- रह गयी है जो बैंकों द्वारा इस दिशा में किये जा रहे सघन प्रयासों का परिचायक है। कतिपय बैंक जिनके ऋण एवं जमा आंकड़ों में प्रमुख अंतर आने के कारण प्रदेश के ऋण जमा अनुपात में प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, उनको अपने आंकड़ों का पुनः अवलोकन करने एवं आवश्यक सुधार लाने की आवश्यकता है ताकि प्रदेश की प्रगति का सही आंकलन किया जा सके। यह भी अवगत कराया गया कि ऋण जमा अनुपात की सघन समीक्षा हेतु यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के समन्वय मे एक उप-समिति गठित है तथा इसकी नियमित बैठके होती है।

प्रदेश मे चयनित ऐसे -12- जनपद जिनमें मार्च'2013 के स्तर से मार्च'2014 तक 3% प्वांइट की वृद्धि का चयन किया गया था, में से केवल -1- जनपद (बुलन्दशहर) को छोडकर अन्य सभी -11- जनपदों में वृद्धि दर्ज की गयी हैं एवं -6- जनपद ऐसे हैं जहाँ इस मानक की पूर्ति सम्भव हो सकी।

कार्यसूची संख्या 7:- <u>प्रदेश के -28- पूर्वी जनपदों में भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही हरित क्रांति योजना के अंतर्गत कृषि ऋण प्रवाह की समीक्षा</u>

सदन को अवगत कराया गया कि इस योजनान्तर्गत हमारे प्रदेश में अच्छी उपलब्धि दर्ज की गयी है तथा एक मूल्यांकन/ अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार इन जनपदों में कृषि उत्पाद व उत्पादकता मे वृद्धि दर्ज की गयी है।

सचिव (कृषि एवं सहकारिता), कृषि मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में सम्पन्न उच्च स्तरीय बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार हमारे प्रदेश में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की विशेष बैठक का आयोजन दिनांक 21.03.2014 को किया गया। महाप्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं संयोजक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.), श्री निर्मेष कुमार ने सदन को वस्तुस्थिति से अवगत कराया जिसके अनुसारप्रदेश में बी.जी.आर.ई.आई. की एक उप-समिति यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया की अध्यक्षता में गठित है। अब इस उप-समिति की बैठक में कृषि ऋण प्रवाह की समीक्षा नियमित रुप से की जाती है। इस उपसमिति की -8- बैठके अभी तक की जा चुकी है।

कार्यसूची संख्या 8:- <u>किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत सभी पात्र परंतु वंचित किसानों को आच्छादित किया जाना</u>

योजनांतर्गत प्रगति रिपोर्ट सदन के समक्ष प्रस्तुत की गयी।

नवीन कृषि बीमा योजना की चर्चा करते हुये सभी स्टेक होल्डर्स से अनुरोध किया कि योजना के अंतर्गत सभी दिशा निर्देशों का ससमय पालन करे तथा इसका वृहद प्रचार-प्रसार करते हुये ग्रामीण केन्द्रों/बैंक शाखाओं के सम्बन्धित अधिकारियों को जागरुक करे ताकि योजना का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

कार्यसूची संख्या 9:- <u>सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को अग्रिम</u>

प्रदेश में कार्यरत बैंको की मार्च'2014 तक की प्रगति सदन के समक्ष प्रस्तुत की गयी।

कार्यसूची संख्या 10:- <u>साहूकारी ऋण मुक्ति योजना एवं संयुक्त देयता समूह</u>

